हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025



10 स्कूल की छत गिरने के बाद भी प्रशासन लापरवाह...



11 जवानों ने तिरंगा लहराते नागरिकों का अभिवादन ...








श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको, भिलाई (छ.ग.) (2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc(N) M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 7869513804

For Online Admission Visit : www.sscnbhilai.com


# बस्तर विकास को गति देना हमारी प्राथमिकता : गृहमंत्री

## उपमुख्यमंत्री से मिले कोंटा ब्लाक के स्कूली बच्चे, शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे थे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कोंटा के 110 बच्चों ने आज मंत्रालय, महानदी भवन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। ये बच्चे स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद किया। उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सुकमा वर्षों तक विकास की धारा से वंचित रहा, लेकिन हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यहां के हर गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचे। उन्होंने भ्रमण पर आए बच्चों से कहा कि आपका उज्ज्वल भविष्य ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सुकमा के गांवों में सड़क निर्माण, मोबाइल टावर लगाने, स्कूलों के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नियद नेल्ला नार योजना के तहत वहां तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि वे अपने क्षेत्र और प्रदेश के विकास में योगदान

⏭ शेष पेज 10 पर



### रेलवे स्टेशन, मंत्रालय मॉल, साइंस सेंटर देखा

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने रेलवे स्टेशन, मंत्रालय, मॉल, साइंस सेंटर इसके अलावा पुरखौती मुक्तांगन को भी देखा। बताया गया कि कई ऐसे बच्चे थे जो पहली बार रायपुर गए हैं। बच्चों ने रेलवे स्टेशन को देखा। मंत्रालय समेत भव्य इमारतों को देखकर बच्चों में उत्साह दिखाई पड़ा ।

## खबर संक्षेप



### दुर्ग को हराकर बस्तर बना चैम्पियन

**जगदलपुर।** एनटीपीसी कोरबा में आयोजित सीनियर महिला इंटर डिस्ट्रिक्ट स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में आज बस्तर ने दुर्ग को 3 - 2 से हराकर चैंपियन बना। नेताजी सुभाष स्टेडियम में बुधवार को हुए मैच में डीएफए बस्तर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बताया गया कि इस जीत के बाद छतीसगढ़ टीम से कैंप के लिए बस्तर के 7 खिलाड़ियों के चयन होने की संभावना है।

### चेम्बर भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा कल

**जगदलपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के मुख्यालय चेम्बर सभागार में ध्वजारोहण किया जायेगा। महामंत्री नवरतन जलोटा ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि सुबह 8.30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। राष्ट्रीय पर्व पर अपने अपने प्रतिष्ठान बन्द रखने की उन्होंने व्यापारी बंधुओं से अपील की है।

### फरार आरोपियों पर दो हजार का ईनाम घोषित

**जगदलपुर।** नगर में सप्ताहभर पूर्व ट्रक ड्राइवर का अपहरण कर उसकी पिटाई करते हुए पेशाब करने की घटना में शामिल दो फरार आरोपियों के खिलाफ ईनाम की घोषणा की गई है। फरार चल रहे आरोपियों आयुष राजपूत और मिथलेश साहू पर पुलिस ने दो हजार रुपए ईनाम घोषित किया है।

### कांग्रेस का कैंडल लाइट मार्च निकलेगा आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर, ग्रामीण द्वारा 14 अगस्त को शाम 6 बजे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेराफेरी व अन्य मुद्दों पर राजीव भवन से कैंडललाइट मार्च निकाला जाएगा । यह जानकारी जिला अध्यक्ष ने दी है।

### कलेक्टर- एसपी तिरंगा रैली में हुए शामिल




**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने लालबाग मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम के उपरांत एनसीसी कैडेट और स्काउट गाइड के तिरंगा रैली में शामिल हुए। रैली को उन्होंने तिरंगा झंडा लहराकर रवाना किया। उत्साहित एनसीसी कैडेट और स्काउट गाइड ने भारतमाता की जयघोष करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान आईपीएस सुमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, एनसीसी विंग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण होगा कल

**जगदलपुर।** 15 अगस्त को सुबह 8:15 बजे विधायक कार्यालय नयापारा में ध्वजारोहण किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ध्वजारोहण करेंगे।

## मौसम : धरमपुरा मार्ग, शहीद पार्क तिराहा समेत सन सिटी इन्द्रावती कालोनी में जलभराव

# डेढ़ घंटे में हुई 25 एमएम बारिश सड़कें व कालोनियों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वायुमंडल में बुधवार को पश्चिम मध्य और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव में अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

■ मौसम विज्ञान केंद्र ने बस्तर में जारी की चेतावनी

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी के अनुसार बस्तर में अगले 5 दिनों तक एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने के संकेत है। कम दबाव के क्षेत्र बनने से इसका असर बस्तर में दिखने लगा है। बुधवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे। हालांकि आसमान खुला और धूप निकली। देर शाम को एकाएक बिना-गरज चमक के साथ झामाझम बारिश हुई। शाम साढ़े 5 से 7 बजे तक लगभग डेढ़ घण्टा तक 25 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। शहर के विभिन्न सड़के बारिश की पानी से लबालब हो गया। शहीद पार्क तिराहा और धरमपुरा मार्ग में सड़क के ऊपर जलजमाव की स्थिति से राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के सन सिटी,इन्द्रावती कालोनी व निचली बस्तियों में भी जलजमाव की

⏭ शेष पेज 10 पर



### बस्तर जिले में अच्छी बारिश

तोकापाल तहसील में अच्छी वर्षा हुई है, जहां 948.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत का 137.1% है। दरभा तहसील में 13 अगस्त तक 929.0 मिमी वर्षा हुई है, जो पिछले 10 वर्षों के औसत (805.7 मिमी) का 115.3% है।बस्तर तहसील में 725.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो 10 साल के औसत 723.0 मिमी का 100.4% है। जगदलपुर तहसील में 860.0 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत का 95.5% है। बकावंड तहसील में 672.2 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत का 80.7% है। लोहंडीगुड़ा तहसील में 744.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत का 90.4% है। बास्तानार तहसील में 880.1 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत का 97.8% है। नानगुर में 855.1 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत का 95% है। भानपुरी में 644.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो औसत का 89% है। करपावंड में 809.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत का 97% है।

### बस्तर जिले में 24.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

बस्तर जिले में मंगलवार को 24.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक बास्तानार तहसील में 82.4 मिलीमीटर और सबसे कम नानगुर तहसील में तीन मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बकावंड तहसील में 12.2 मिलीमीटर, बस्तर तहसील में 12 मिलीमीटर, लोहंडीगुड़ा तहसील में 27.1 मिलीमीटर, दरभा तहसील में 28.3 मिलीमीटर, तोकापाल तहसील में 17.9 मिलीमीटर, भानपुरी तहसील में 12.8 मिलीमीटर और करपावंड तहसील में 16.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 13 अगस्त तक के आंकड़ों के अनुसार, बस्तर जिले में इस वर्ष औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिले का कुल औसत वर्षा 10 साल के औसत से 100.6% अधिक रहा है। जिले में अब तक 806.9 मिमी वर्षा हो चुकी है, जबकि पिछले 10 वर्षों का औसत 802 मिमी रहा है।

# 30 साल से काबिज किसानों को बिना सूचना किया गया बेदखल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम पंचायत पीपलावंड के किसानों की 30 वर्षों से कब्जा किए हुए जमीन पर फसलों को वन विभाग द्वारा अतिक्रमण कर नुकसान पहुंचाने एवं भूमि से बेदखल करने संबंध में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने सैकड़ों किसानों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

■ जेसीबी मशीन से धान, मक्का और उड़द की फसल कर दी गई नष्ट

युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सुचना के 73 कृषक परिवारो को उनकी कृषि भूमि से बेदखल करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान तीन जेसीबी मशीनों से किसानों द्वारा लगाए गए धान मक्का और उरद की फसलों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। किसान 1995 से उक्त भूमि पर खेती किसानी कर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं,यह भूमि उनका एक मात्र जीवन निर्वाह का साधन है। पूर्व में वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने के लिए कई बार आवेदन भी प्रस्तुत किए गए हैं, किन्तु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जब वन विभाग के अधिकारियों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने किसी भी किसान की नहीं सुनी और बलपूर्वक सभी

⏭ शेष पेज 10 पर

### पीड़ितों को दिया जाए कृषि भूमि का पट्टा

युकां ने मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति रोकने उचित निर्देश सम्बंधित विभाग को दिए जाएं। इस दौरान जिला सचिव विजय भारती, हिडमा, सुधर कश्यप,महेश ,रामलाल, संपत,सोमारी, लीलावती,सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे मुख्य अतिथि

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का किया गया अंतिम रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के लिए अंतिम रिहर्सल लालबाग मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में अपर कलेक्टर सीपी बघेल रहे, उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ में कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने भी परेड की सलामी ली। कलेक्टर हरिस ने तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस परेड का नेतृत्व डीएसपी संगम राम, सेकंड कमांड निरीक्षक गणेश राम यादव कर रहे है। परेड में 16 टुकड़ियां शामिल हो रहीं है जिसमें सीआरपीएफ 241 वीं बटालियन, सीआरपीएफ 80 वीं बटालियन, 5 वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, 19वीं पोखरण वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल महिला, वन विभाग, नगर सेना,एनसीसी और स्काउट गाइड के जवान है। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे। रिहर्सल में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आईपीएस सुमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ अपर कलेक्टर ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका



## कलेक्टर एवं एसपी ने पुलिस अधिकारी और जवान की तिरंगा रैली को किया रवाना



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बुधवार को स्थानीय लालबाग परेड ग्राउंड के गणतंत्र द्वार से पुलिस विभाग के अधिकारी और जवानों की तिरंगा रैली को रवाना किया। इस मौके पर पुलिस के अधिकारी और जवानों ने बाइक रैली के माध्यम से तिरंगा लहराते हुए नागरिकों को देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी सच्चे शहीदों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान देने के लिए प्रेरक सन्देश दिया। उक्त तिरंगा रैली लालबाग परेड ग्राउंड से महाराणा प्रताप चौक, एनएमडीसी चौक, माड़िया चौक से सिटी कोतवाली चौक होकर पुनः लालबाग परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। इससे पहले कलेक्टर एवं एसपी ने ने लालबाग स्थित शहीद स्मारक के तिरंगा झंडा में शुरू की गई लाइटिंग व्यवस्था का भी जायजा लिया।

## 12100 फ़ीट पर फूलों की घाटी और 15200 फ़ीट पर हेमकुण्ड साहिब की चढ़ाई की

# बढ़ती उम्र में भी कायम है पर्वतारोहण किशोर का हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बढ़ती उम्र में भी पर्वतारोहण का जूनून कम नहीं हुआ है। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष व इन्द्रावती बचाओ अभियान के वरिष्ठ सदस्य किशोर पारख ने इस वर्ष फिर पर्वतारोहण अभियान का हिस्सा बने। उन्होंने 8 अगस्त को समुद्रतल से 12100 फ़ीट ऊंचाई पर स्थित पर स्थित फूलों की घाटी और 9 अगस्त को 15200 फ़ीट पर स्थित हेमकुण्ड साहिब तक पर्वतारोहण अभियान को सफलता पूर्वक पूरा किया। पहाड़ी एडवेंचर के द्वारा आयोजित इस अभियान में कुल 16 सदस्यों ने भाग लिया। यह अभियान 5 से 12 अगस्त के मध्य संचालित हुआ। अभियान दल के सदस्यों ने वहां कुछ समय व्यतीत कर शाम तक पुनः 6.50 किमी उतर कर अपने आधार कैंप घांघरिया लौटे। गोविंदघाट से रवाना होकर दल ने बद्रीनाथ धाम का दर्शन किया। चीन सीमा के पास स्थित पहले ग्राम माना की यात्रा की।

वापसी के दौरान बद्रीनाथ से ऋषिकेश के रास्ते में कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण रुक रुक कर सफर किया व अंततः 12 अगस्त को ऋषिकेश - देहरादून में यह पर्वतारोहण अभियान पूर्ण हुआ। पर्वतारोही दल में मैसूर,बैंगलोर व जगदलपुर के एकमात्र किशोर पारख शामिल थे। उल्लेखनीय है कि इसमें 62 वर्ष की आयु भी एक उल्लेखनीय कारक है। इस उम्र में दृढ संकल्प और ऊर्जा स्तर वास्तव में प्रेरणादायक है। किशोर की बाधाओं को पार करने व अभियान को पूरा करने

⏭ शेष पेज 10 पर



## लाख पालन से बनाया घर, कार खरीदा व परिवार के साथ खुशहाल जीवन बसर कर रहे

# कृषकों के लिए कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली खेती लाख पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन करते हुए पूरे राज्य के लघु वनोपज संग्राहकों एवं कृषकों को लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन कार्य कर लाभ प्रदाय किया जा रहा है। बस्तर जिला में कई लघु वनोपज संग्राहक विभिन्न लघु वनोपजों का संग्रहण कर लाभ प्राप्त करे रहें हैं जैसे ईमली, महुआ, साल बीज, चिरौंजी गुठली एवं लाख पालन आदि हैं। बस्तर के वनों से लाख संगृहित करने का काम यहां के आदिवासी बहुत पहले करते आ रहें हैं। कुछ वर्ष पूर्व इसके बाजार दर कम हो जाने के कारण कई लाख कृषकों ने इससे हटकर अन्य कृषि की और रूझान कर लिया था। साथ ही कुछ ही किसान इसे प्रसंस्कृत कर दाना लाख एवं बटन लाख आदि बनाकर विक्रय कर रहे थे। विभागीय प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार से बस्तर वन-वृत्त के कई नए स्थानों जैसे जैबेल, कुरंदी, घोटिया, माचकोट, डिलमिली, मारडूम, भैरमगढ़, तोंगपाल आदि में लगभग 150 कृषक लाख पालन व्यवसाय से जुड़े हैं।

■ लाख उत्पादन मौसमी व्यवसाय नहीं, किसान पूरे वर्ष में 2 बार ले सकते आय

लाख का उपयोग विभिन्न उद्योगों जैसे की सौंदर्य प्रसाधन, दवा और रंगाई में किया जाता है। इस तरह लाख पालन कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली खेती है। जिला यूनियन

⏭ शेष पेज 10 पर



### लाख पालन से युवक हुआ आत्मनिर्भर

बीजापुर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ग्राम करेमरका निवासी युवक मसु मरकार लाख कृषक है। मसु के माता-पिता के देहांत के बाद वह अपने भैया-भाभी के साथ रहता है। वह 10 वीं कक्षा का पढ़ाई भैरमगढ़ में हुई। वर्तमान में करेमरका में तेंदुपत्ता का फड़मंशी के रूप में कार्यरत था। वर्ष 2024-25 से उनके द्वारा लाख पालन का कार्य शुरू किया गया, अधिक वर्षा तथा संबंधित जानकारी के अभाव होने के कारण लाख फसल को हानि हुई। इस समय उसने 10 किलो बीहन को कुसुम वृक्षों में संचारण किया था, जिसका आय बीजापुर डिवीजन से मिली। कम आय होने के बाद भी उसने हार नहीं माना और फिर से लाख पालन का कार्य जारी रखा तथा वर्ष 2025-26 के जनवरी सीजन में 7 कुसुम वृक्षों में 1.10 क्विंटल बीहन का संचारण किया था। इस समय तक एक-दो प्रशिक्षण लिया, जिससे लाख फसल अच्छी हुई और इससे 6 क्विंटल बीहन लाख का उत्पादन किया गया। उसके बाद 700 रूपए प्रति किलो की दर से अन्य समितियों कोडोली, मिरतुर एवं गंगालूर के लाख कृषकों को विक्रय किया। वर्तमान में 600-700 रूपए प्रति किलो के हिसाब से आय मिल रही है। वर्ष 2025 में अब तक लाख पालन से 1.05 से 2 लाख रूपए तक की आमदनी हो रही है।

# धान फसल में पत्ती मोड़क व तनाछेदक से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धान की फसल में इन दिनों पत्ती मोड़क व तनाछेदक का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। किसान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर कीटनाशक का लगातार छिड़काव कर रहे हैं। हालांकि कई किसान समय पर कीट प्रकोप की पहचान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल नुकसान हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस साल बस्तर में भारी बारिश हुई है। पिछले कुछ दिनों से बारिश बंद हुई है, इसके बाद से ही धान की फसल में तेजी से कीट प्रकोप फैल रहा है। छापर भानुपरी के किसान रघु मौर्य व बलराम यादव ने बताया कि इस साल

⏭ शेष पेज 10 पर

■ भारी बारिश से प्रभावित हुई थी फसल की बढ़वार



### खेतों की नियमित देखरेख आवश्यक

कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक धान के खेतों की किसानों को इस समय नियमित निगरानी करते रहना चाहिए और पत्ती मोड़क का प्रकोप एक पौधे में एक से अधिक दिखाई देने पर क्लोरोप्यरीफोस 1 लीटर प्रति हेक्टर के दर से 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इसके अलावा यदि तनाछेदक की तितली 1 वर्ग मीटर में एक से अधिक दिखाई देने पर फर्टेरा 10 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से छिड़काव करना चाहिए, इससे प्रकोप से राहत मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से जान गंवाने वाले 5 लोगों के परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। यह सहायता मृतकों के वारिसों को दी गई है। पानी में डूबने से हुई इन दुखद घटनाओं के बाद कलेक्टर ने संबंधित वारिसों को सहायता राशि स्वीकृत की। जिसे उनके बैंक खातों में जल्द ही ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन परिवारों को यह मदद मिली है उनमें ग्राम धनोरा अजाराम की पत्नी इतवारिन बाई, ग्राम बानगाँव सुमित्र यादव के पति फूलसिंह यादव। ग्राम भण्डारसिवनी घस्सूराम मंडावी की पत्नी पंचबती मंडावी शामिल हैं। इसके अलावा ग्राम सुरडोंगर मन्नूराम उसेण्डी की पत्नी पार्वती उसेण्डी, पुत्र राहुल और पुत्रियाँ कोमल, मोनिका, साक्षी। ग्राम कुलझार सुलो के पति सुकमन, पुत्र गागरू, संतोराम और पुत्री झुनकी। संबंधित तहसीलदारों को यह राशि जल्द से जल्द वारिसों के खातों में हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती आरक्षक के लिए लिखित परीक्षा 14 सितंबर को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक पदों की भर्ती का दूसरा चरण शुरू हो गया है। फिजिकल टेस्ट में सफल हुए उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में केवल वही उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने फिजिकल टेस्ट पास कर लिया है। योग्य उम्मीदवारों को व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा और अपना परीक्षा केंद्र चुनना होगा। यह परीक्षा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी और इसकी अवधि दो घंटे होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त शाम 5 बजे तक। प्रवेश पत्र 8 सितंबर 2025 से व्यापम की वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों को आवेदन के समय ऑनलाइन परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया गया अंतिम अभ्यास

**पूरे परिधान के साथ विकास नगर स्टेडियम में हुआ, सीईओ जिला पंचायत ने ली सलामी**





**कोण्डागांव।** जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आज अंतिम अभ्यास सम्पूर्ण परिधान के साथ किया गया। विकास नगर स्टेडियम में आयोजित अंतिम अभ्यास में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान 11 प्लाटूनों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

**भतवा गांव का मामला: 4 अगस्त 2023 को गिरी थी स्कूल की छत, अब भी अस्थायी व्यवस्था**

# स्कूल की छत गिरने के बाद भी प्रशासन लापरवाह सीपीआई ने दी भीख मांगकर फंड जुटाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के ग्राम भतवा स्थित सरकारी प्राथमिक स्कूल की जर्जर हालत को लेकर एक बार फिर हंगामा खड़ा हो गया है। 4 अगस्त 2023 को स्कूल की छत गिरने के बाद भी प्रशासन ने सिर्फ अस्थायी व्यवस्था की है और मरम्मत के लिए 'फंड नहीं' होने का रटा-रटाया जवाब दिया है। इसी के विरोध में आज कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के जिला परिषद कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि अगर 25 दिन में मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे खुद भीख मांगकर आदिवासी बच्चों के लिए फंड जुटाएंगे। ज्ञापन में कहा गया है कि भतवा में ज्यादातर आदिवासी परिवार रहते हैं और उनके बच्चे इसी स्कूल में पढ़ते हैं। दो साल पहले ही बीईओ माकड़ी को पत्र लिखकर मरम्मत की गुहार लगाई गई थी, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

- सीपीआई का आरोप- खनिज निधि गैर-जरूरी कामों में खर्च, बच्चों की सुरक्षा के लिए नहीं है फंड



### बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

*स्कूल की जर्जर हालत और छत के अभाव के कारण बच्चों की पढ़ाई में लगातार व्यवधान आ रहा है। सीपीआई ने अपने ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है, जिसे अनदेखा किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि वे इस लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे और बच्चों के भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।*

### बीईओ माकड़ी पर लापरवाही का आरोप

सीपीआई ने बीईओ माकड़ी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खनिज संपदा से भरे बस्तर में आदिवासी बच्चों की सुरक्षा के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन गैर-जरूरी कामों के लिए खनिज निधि खुलकर खर्च की जाती है। कम्युनिस्ट नेताओं ने साफ कहा कि अगर सरकार 25 दिन में काम शुरू नहीं करती है, तो वे सड़कों पर कटोरा लेकर भीख मांगेंगे ताकि इन बच्चों के लिए सुरक्षित छत का इंतजाम हो सके।

# माकड़ी में दिव्यांग बच्चों के लिए आंकलन शिविर, 67 का पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर मंगलवार को माकड़ी के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए एक आकलन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चों की मेडिकल बोर्ड द्वारा पूरी तरह से जाँच की गई। शिविर में कुल 67 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया। मेडिकल बोर्ड की जाँच के बाद, 30 बच्चों के प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अलावा, 4 बच्चों को आगे के इलाज के लिए जिला चिकित्सालय, कोंडागांव रेफर किया गया। शिविर के दौरान सर्जरी, स्पीच थेरेपी और फिजियोथेरेपी जैसी चिकित्सीय सेवाओं के लिए भी बच्चों की पहचान की गई। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों को श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ब्रेल कीट सामग्री और अन्य सहायक उपकरण भी दिए गए।

- 30 बच्चों को मिला प्रमाण पत्र, 4 रेफर

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में जिला मेडिकल बोर्ड डॉ रुद्र कश्यप एवं डॉ. ख्याति साक्षी नेत्र विशेषज्ञ, डॉ आदित्य चतुर्वेदी, डॉ करुणा मेश्राम इंस्ट्रक्टर दिनेश कुमार साहू नेत्र सहायक महावीर मरकाम दिव्यांशु चंदवानी, संकल्प लोनहरे उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के साथ ही सुरक्षित जल का बताया गया महत्व

**कोण्डागांव।** हर घर तिरंगा राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत ग्राम पुंगरपाल ग्राम पंचायत टेकापाल, जिला कोण्डागांव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोण्डागांव द्वारा जन–जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें



ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, स्वच्छता की अनिवार्यता, और सुरक्षित जल के महत्व पर जानकारी दी गई। सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प किया कि वे न केवल अपने गांव को साफ–सुथरा और प्लास्टिक–मुक्त बनाएंगे, बल्कि जल संसाधनों की रक्षा करेंगे। आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान विद्यालय एवं ओवरहेड टैंक परिसर की सफाई की गई। इसके साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया, ताकि गांव का परिवेश स्वच्छ और हरित बना रहे।
**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर जल जीवन मिशन, कोण्डागांव से सुहानी बक्शी, हेमलता यादव, मितलेश साहू और श्यामलाल कोर्राम, सरपंच मोती राम कोर्राम उपस्थित रहे।



## एनएसएस स्वयंसेवकों ने बनाई मानव श्रृंखला, दिया नशामुक्त भारत का संदेश

**कोण्डागांव।** जिला अंतर्गत संचालित उच्चतर माध्यमिक शाला जैतपुरी में मंगलवार को स्कूली छात्र छात्राओं व एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई। प्राचार्य उमाशंकर साहू ने सभी बच्चों व शिक्षकों से नशे से दूर रहकर समाज के नव निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त भारत का संदेश दिया। साथ ही विशाल रैली निकाल कर ग्रामवासियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकायें, एवम स्टाफ उपस्थित रहा।

## नन्हे विद्यार्थियों ने विशाल तिरंगे के साथ निकाली हर घर तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल केंद्र करंजी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा में आज देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव के मार्गदर्शन में नन्हे बच्चों ने विशाल तिरंगा लेकर घर–घर तिरंगा थीम पर रैली निकालकर लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। चौक–चौराहों पर गूंजा तिरंगे का संदेश रैली के दौरान बच्चों ने चौक–चौराहों पर जाकर तिरंगे के महत्व को बताया। उन्होंने घर–घर संपर्क कर नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और इसे लगाने की महत्ता समझाई।

### हथेलियों की छाप से बनी आकर्षक तिरंगा कलाकृति

रैली से पहले विद्यालय परिसर में बच्चों ने अपनी हथेलियों को हरे और केसरिया रंग से रंगकर एक विशाल तिरंगा कला—ति तैयार की। यह कलाकृति पूरे कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रही। शिक्षिका सारिका वैष्णव के मार्गदर्शन में छात्राओं ने हर घर तिरंगा थीम पर एक विशाल और रंग–बिरंगी रंगोली बनाई। यह न केवल सजावटी थी, बल्कि बच्चों में देशभक्ति का उत्साह भी बढ़ा रही थी।




### राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी में दिखा ज्ञान और जुनून

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी छात्रें ने जोश और देशभक्ति के साथ हिस्सा लिया। सैनिकों और पुलिस कर्मियों के नाम भावनात्मक पत्र – द्वितीय चरण में बच्चों ने सैनिकों और पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए भावपूर्ण पत्र लिखे, जिनमें उन्होंने देश सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। ये पत्र संस्था के माध्यम से संबंधित जांबाजों तक पहुँचाए जाएंगे। छात्रों ने तिरंगा थीम पर राखियां बनाकर पेड़ों पर बांधीं और ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पूरे आयोजन में नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया और सच्चे भारतीय होने का संकल्प लिया।

## बालक व कन्या उच्चतर माध्यमिक बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली




**कोण्डागांव।** शासकीय बालक और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों ने मिलकर आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा जागरुकता रैली का आयोजन किया। दोनों स्कूलों के प्राचार्य एन.के. नायक और श्रीमती रीबा जॉन के मार्गदर्शन में, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों, स्काउट कैडेट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। यह रैली विकास नगर मैदान से शुरू हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए लोगों को जागरूक करती हुई वापस विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इस आयोजन में दोनों विद्यालयों के कई शिक्षक और अधिकारी मौजूद रहे। जिनमें उप–प्राचार्य राजेश पाण्डेय और वरिष्ठ व्याख्याता जयंत मजुमदार शामिल हैं। एनसीसी कैडेट्स हरिओम, श्रवण, टिकेश्वर, दीपांश ठाकुर, रविंद्र और योगेश मांझी के साथ–साथ स्वयंसेवक सुब्बाराम, डोमार, अभिषेक, अरुण कुमार, दिनेश नेताम का भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

## बरकई में हर घर तिरंगा अभियान, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय अभियान "हर घर तिरंगा" के तहत, कोण्डागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम बरकई में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ध्यान में रखते हुए, ग्रामवासियों ने इसमें बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, स्वच्छता के महत्व और सुरक्षित पेयजल के संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। सभी ने मिलकर गांव को स्वच्छ, प्लास्टिक–मुक्त और जल–संपन्न बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद, ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से पंचायत भवन, स्कूल और ओवरहेड टैंक के आसपास सफाई अभियान चलाया। उन्होंने पौधारोपण भी किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीण नारे लगाते हुए पूरे गांव में स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश फैला रहे थे। ग्राम सरपंच जमुना मरकाम ने कहा, साफ–सुथरा और हरा–भरा गांव ही स्वस्थ समाज की पहचान है। हम सभी को मिलकर अपने गांव को स्वच्छ और पर्यावरण की रक्षा में एक मिसाल बनाना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच जमुना मरकाम, पूर्व माध्यमिक प्राचार्य संतराम कवाची और कमलकांत पटेल का सहयोग रहा। जल जीवन मिशन की टीम से सुहानी बक्शी, हेमलता यादव और अजय तारम भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## भेंट...





**कोण्डागांव।** काष्ठ–शिल्पी पद्मश्री अजय भंडारी ने कोंडागांव पहुंच कर डॉ. राजाराम त्रिपाठी को भेंट की अद्भुत गणेश कलाकृति। मां दंतेश्वरी हर्बल समूह कोंडागांव के मंच पर बस्तर की कला, कृषि और सेवा का अनोखा संगम। यह भगवान गणेश जी की अनूठी कलाकृति है। जिसमें लकड़ी पर गणेश महामंत्र उकेर कर अद्भुत गणपति प्रतिमा बनाई गई है।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर विकास को....

दे सकें। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है। हरसंभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। आश्वस्त किया कि सुकमा में बेहतर स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

### डेढ़ घंटे में हुई...

समस्या देखी गई। मंगलवार को भी बस्तर संभाग के बस्तर,उत्तर बस्तर एवं दक्षिण बस्तर ने वर्षा हुई। संभाग मुख्यालय में बुधवार को तापमान में हल्की वृद्धि हुई। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.8 डीसे बढ़कर 31.4 जबकि न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
बास्तानार में 80 एमएम वर्षा दर्ज : मंगलवार को बस्तर संभाग के बस्तर,उत्तर बस्तर और दक्षिण बस्तर के जिले में वर्षा हुई। खासकर बस्तर जिले के बास्तानार ब्लाक में सर्वाधिक 80 एमएम वर्षा रिकॉर्ड किया गया। जबकि उत्तर बस्तर के अंतागढ़ में 60 एमएम,दक्षिण बस्तर के गीदम में 50 एमएम,गादीरास,कटेकल्याण, माकड़ी,मदार्पाल, बड़े बचेली,लोहंडीगुड़ा, चारामा,बारसूर एवं फरसगांव में 30-30 एमएम वर्षा दर्ज किया गया।
निम्न दबाव का क्षेत्र मजबूत होने के संकेत : मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार एक निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम;मध्य और उत्तरी आंध्रप्रदेश तथा दक्षिण इडिसा के तटों से लगे उत्तर-पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उत्तरी आंध्रप्रदेश और दक्षिण ओड़सिा तटों पर स्थित निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र तक जा रही है।
अधिकांश स्थानों पर वर्षा के संकेतः मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को जारी किए गए पूवार्नुमान के अनुसार प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि प्रदेश में एक से दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

### 30 साल से काबिज....

किसानों की जमीन पर हरि भरी फसल को नष्ट कर दिया। यह आजीविका पर आघात है बल्कि सभी किसानों की संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। उन्होंने मांग किया कि वन विभाग द्वारा नष्ट की गई फसलों का उचित मुआवजा दिया जाए।

### बढ़ती उम्र में...

की क्षमता अटूट आत्मविश्वास का प्रमाण है। अभियान में गौरव रावत व टाइगर सोलंकी का विशेष सहयोग था।

### कृषकों के लिए ....

जगदलपुर अंतर्गत वर्ष 2025 में अब तक 17 कृषकों द्वारा सर्वे वृक्ष संख्या 210 में से 52 कुसुम के वृक्षों में 5.10 क्विंटल बीहन का संचरण किया गया था, जिनका विदोहन मानसून के पूर्व किया गया जिसमें उत्पादन लगभग 95 क्विंटल हुआ था। जिसमें से लगभग 54 क्विंटल बीहन का पुनः संचारण इस मानसून में बेर के 1252 वृक्षों में किया गया है तथा लगभग 41 क्विंटल बीहन को अन्य जिला यूनियन के कृषकों को 5500 रूपए प्रति क्विंटल की दर से विक्रय किया जाकर लाखों रूपए अर्जित किया गया है। लाख उत्पादन एक मौसमी व्यवसाय नहीं है और किसान पूरे वर्ष में 2 बार स्थिर आय प्राप्त कर सकते हैं।
लाख पालन ने जीवन में एक अहम भूमिका निभाईः बस्तर जिला में करपावण्ड विकासखण्ड के ग्राम जैबेल में रहने वाले लाख कृषक लुदूराम बेसरा जो वर्तमान में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति जैबेल के प्रबंधक भी हैं। उसने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु लाख पालन ने उनके जीवन में एक अहम भूमिका निभायी है, लाख पालन करते हुए आज वे अपने गांव में नया घर, अपनी गाड़ी खरीद चुके है। अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन बसर कर रहे हैं। दरभा विकासखण्ड में चन्द्रगिरी ग्राम निवासी लाख कृषक दिलीप सिंह ठाकुर, ग्राम मावलीपदर के लाख कृषक मंगलू राम कश्यप, ग्राम करंदी के लाख कृषक पवन कुमार बघेल ने लाख पालन की सफलता की कहानी बताया।
आर्थिक व सामाजिक बदलाव आया : वन विभाग जगदलपुर वृत के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि लाख उत्पादन से ग्रामीणों की जिंदगी में आर्थिक, सामाजिक बदलाव आया है, इससे कई किसान जुड़े हुए हैं।

### धान फसल में ....

लगातार भारी बारिश के कारण धान के पौधे का बढ़वार प्रभावित हुआ था। इसके बाद अब जब मौसम खुला तो कीट प्रकोप तेजी से फैल रहा है। किसान दुकानों से अलग-अलग तरह की कीटनाशक को खरीदकर छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन राहत नहीं मिल रही है।

**फेडरेशन के नेतृत्व में 117 से अधिक संगठनों का संयुक्त आंदोलन**

# कर्मचारियों की हड़ताल 22 को, सरकारी कामकाज होगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेतृत्व में प्रदेश के 117 से अधिक संगठन 22 अगस्त को एक साथ हड़ताल पर रहेंगे। इसमें चपरासी से लेकर अधिकारी तक, लिपिक से लेकर वाहन चालक तक, शिक्षक से लेकर पटवारी तक सभी वर्ग के कर्मचारी शामिल होंगे। हड़ताल के कारण स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, पंचायत विभाग, पशुचिकित्सा विभाग, शिक्षक एवं स्कूल शिक्षा विभाग, वाहन चालक, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, लोकनिर्माण विभाग, लोक यात्री परिवहन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी सरकारी दफ्तरों में कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। हड़ताल को व्यापक और मजबूत बनाने के लिए फेडरेशन के पदाधिकारी लगातार जिले के अंतिम छोर तक के कर्मचारियों से संपर्क कर रहे हैं। फरसगांव, माकड़ी, केशकाल, बड़ेराजपुर का दौरा कर कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। आंदोलन में अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया जा रहा है। प्रत्येक ब्लॉक से लेकर हर सरकारी कार्यालय और कर्मचारी तक पहुंच बनाने की योजना बनाई गई है। इसके तहत प्रेरणा, बैठकें और अपील पत्र के माध्यम से आंदोलन में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिला कार्यकारिणी में जिला संयोजक शिवराज सिंह ठाकुर, उप संयोजक निर्मल शार्दूल, लोकेश गायकवाड़ संरक्षक जगमोहन भोयर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अर्चना बैनर्जी, सह संयोजक पूजा कुंवर, वर्षा सैमसंग, महामंत्री कंवल साय मरकाम सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से तैयारी में जुटे हैं।

### तैयारियों में पदाधिकारी

रामदेव कौशिक, हीरा नेताम, चमनलाल वर्मा, ललीत कोर्राम, प्रकाश सेठिया, चंदन सेठिया, आशीष थावरे, अमरजीत निर्मलकर, शोयब अली, भास्कर वर्मा, महेंद्र पटेल, योगेश्वर साहू, मिट्ठू मांझी, अनिल मरकाम, पूजा झा, शमारानी ठाकुर, लीलावती ध्रुव, डिगलेश्वर साहू, भूवनेश्वर पुजारी, जयलाल पोयाम, सखाराम वट्टी, यशवंत बघेल, रघु नेताम, श्यामलाल कोर्राम, शहजाद अली पाशा, आसाराम नेताम, प्रकाश साहू, महेश शोरी, सावन सोनवानी, रमेश नेताम, बुदेश्वर सुभऊ नेताम, श्रवण मरकाम, नथलू मंडावी, महेश ठाकुर, के.के. मरकाम, परदेशी मरकाम, सोनसाय निषाद, रूपेंद्र कौशिक, सुकलाल नेताम, सोनाराम यादव आदि आंदोलन की तैयारियों में सक्रिय हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर जगदलपुर विधायक करेंगे ध्वजारोहण



**दंतेवाड़ा।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लिया जायेगा। इस मौके पर पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जायेगा। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### सुकमा में विधायक धरमजीत सिंह करेंगे ध्वजारोहण



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। सुकमा जिले में इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामयी आयोजन के लिए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं तखतपुर विधानसभा के विधायक धरमजीत सिंह होंगे। वे ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश वाचन करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रतिवर्ष की भांति जिला मुख्यालय सुकमा स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

### पालकों को मत्स्य बीज किया गया वितरण



**दंतेवाड़ा।** छग सरकार द्वारा मत्स्य पालकों के लिए आजीविका और अपनी आय बढ़ाने के लिए संचालित मत्स्य बीज अंगुलिक संचयन योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान में मत्स्य बीज का वितरण मत्स्य बीज प्रक्षेत्र गीदम से किया गया। जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष नन्द लाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर, जिला पंचायत सदस्य तुलेश्वरी नागेश, ममता मंडावी, कृषि सभापति गीदम मुन्ना राम कश्यप, जनपद सदस्य दंतेवाड़ा अजय तेलाम, मंडल अध्यक्षबैसु राम मंडावी एवं प्रभारी सहायक संचालक दीपक बघेल के साथ समस्त फील्ड ऑफिसर उपस्थित हुए।

### 30 हितग्राहियों को मिल रहा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा। मुख्य कार्यपालन कार्यालय से मिला जानकारी अनुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत छिंदनार में आरसेटी के माध्यम से ग्राम पंचायत के कुल 30 हितग्राहियों को राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ कराया गया हैं। राजमिस्त्री प्रशिक्षण कुल 30 दिनों का होगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत हितग्राही को प्रमाण पत्र देने के साथ अन्य योजनाओं से लाभ भी दिया जायेगा।

# जावंगा एजुकेशन सिटी के बच्चों की घुड़सवारी रहेगा मुख्य आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की फाइनल तैयारियां का आज कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने संयुक्त रूप से मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल का अवलोकन किया।

रिहर्सल के दौरान परेड, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने परेड में भाग ले रहे पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड और छात्र-छात्राओं की तैयारी की सराहना करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का समारोह गरिमामय और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उल्लेखनीय है कि जिले के हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जावंगा एजुकेशन सिटी के बच्चों की घुड़सवारी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुति और स्थानीय लोकनृत्य शामिल होंगे, जिन्हें आज फाइनल रूप से तय किया गया। कार्यक्रमों में स्थानीय संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को भी प्रमुखता दी जाएगी।

इस मौके पर डीआईजी कमलोचन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी रामकुमार बर्मन सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रभारी शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## 231 बटालियन ने तिरंगा बाईक रैली निकाली

# जवानों ने तिरंगा लहराते नागरिकों का अभिवादन कर लगाए देशभक्ति के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

आज़ादी के 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत, 231 बटालियन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा गीदम में भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया।

■ माहौल देशभक्ति के उत्साह और राष्ट्रीय एकता से सराबोर रहा




इस रैली का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना का प्रसार करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करना था। यह रैली हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई, जो भारत सरकार की एक पहल है। इसका मक़सद प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज को गर्व और सम्मान के साथ प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह रैली स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि भी थी।

रैली का शुभारंभ वाहिनी कमाण्डेन्ट सुनील भवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर तिरंगा बाईक रैली का नेतृत्व सौरभ राय द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. सुबर्ता मण्डल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजय कुमार पुनिया उप कमा, प्रताप कुमार बेहेरा उप कमा, डॉ. रवि प्रकाश सुनकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे। तिरंगे से सजी मोटरसाइकिलों पर सवार सीआरपीएफ के जवान अनुशासित काफ़िले में वाहिनी मुख्यालय से होते हुए मुख्य बाजार, गीदम, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम तथा तत्पश्चात प्रमुख मार्ग एवं आवासीय क्षेत्रों से गुज़रे। पूरे मार्ग में जवानों ने तिरंगा लहराते हुए नागरिकों का अभिवादन किया तथा देशभक्ति, एकता और भाईचारे के नारे लगाए। सीआरपीएफ के जवान भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयघोष में शामिल हुए। इस अवसर पर माहौल देशभक्ति के उत्साह और राष्ट्रीय एकता से सराबोर रहा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में बच्चों को संबोधित करते हुए सौरभ राय द्वितीय कमान अधिकारी ने हर घर तिरंगा अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप प्रत्येक घर, परिसर, दुकानों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्र की सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सीआरपीएफ की प्रतिबद्धता दोहराई।

इसके बाद जवानों ने नागरिकों के साथ संवाद किया, राष्ट्रीय ध्वज के सही उपयोग और प्रदर्शन के संबंध में जानकारी वितरित किए और सभी से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने विचार व्यक्त किए कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह हमारे देश के इतिहास, आकांक्षाओं और उन बलिदानों का प्रतीक है जो इसकी रक्षा के लिए दिए गए हैं।

# तिरंगे के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

## निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा/तोकापाल



आज बास्तानार मण्डल में पूरे जोश, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मण्डल स्तरीय तिरंगा यात्रा रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में राष्ट्रध्वज तिरंगे का सम्मान करते हुए क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं ने एकता, अखंडता और देशप्रेम का अद्भुत परिचय दिया। इस गौरवशाली यात्रा में विशेष रूप से चित्रकोट विधायक विनायक गोयल शामिल हुए। उनके नेतृत्व और प्रेरणादायक उपस्थिति ने रैली में एक नया जोश भर दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे देश की अस्मिता, स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है। हमें इसके सम्मान की रक्षा सदैव करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण ठाकुर एवं जनपद सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। सभी ने रैली में बढ़चढ़ कर भाग लिया और भारत माता के जयकारों से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। रैली में बास्तानार मण्डल के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, युवाओं, महिलाओं, नागरिकों एवं गणमान्य जनों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे, देशभक्ति गीतों के साथ रैली को ऐतिहासिक बना दिया। यह आयोजन हर घर तिरंगा अभियान को भी मजबूती प्रदान करता है, जो आम जनमानस को राष्ट्र के प्रति गर्व और उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ता है।

# अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि बने अपर कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्वतंत्रता दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम मुख्य समारोह स्थल बीजापुर के मिनी स्टेडियम में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव की मौजूदगी में आयोजित हुआ। अंतिम रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐ।

अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ, जिसमें सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, महिला एवं पुरूष के जिला पुलिस बल, नगर सेना सहित एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास स्काऊट गाईड के टुकड़ियों ने परेड को सलामी दी। अंतिम रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि का आगमन, मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन, गुब्बारा, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद जवानों के परिवारों का सम्मान, परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण सहित सम्पूर्ण गतिविधि की गई। इस अवसर पर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

### 15 अगस्त को सांसद महेश कश्यप करेंगे ध्वजारोहण

जिले में स्वतंत्रता दिवस की गरिमामय आयोजन हेतु तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 15 अगस्त को मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने हाई स्कूल मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर मौजूद अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए समारोह की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंच, पंडाल, ध्वजारोहण स्थल, अतिथि दीर्घा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को दरभा ब्लॉक के कई गांवों में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। क्षेत्रवासियों के जोश, महिलाओं व बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और देशभक्ति के नारों से माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया।

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्राओं का स्वागत किया गया। नेगानार में मंगलवार सुबह 11 बजे नेगानार बाजार चौक से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा नेगानार, कामानार मावलीपदर के मुख्य मार्ग से होते हुए केशापुर, चिंगपाल, कोयनार, ककनार, लेंड्रा, नेगानार में संपन्न हुई। भाजपा पदाधिकारी,भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया साथ ही भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ के हाथों में तिरंगा और देशभक्ति से सजे बैनर-पोस्टर थामे लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला सदस्य सम्पति नाग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, भाजपा मंडल महामंत्री दुर्जन कश्यप, सुरेश सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर, महादेव नाग, डलपत राय, थलेश सेठिया, पीलू राम कश्यप, दिनेश पांडे, मंगल राम बघेल, समदु राम कश्यप, विग्नेश्वर बाकडे, मेघनाथ कश्यप, सामदेव नाग एवं भाजपा जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारम्भ भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम ने नेगानार बाजार चौक से किया।



# बड़े-बड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली में कुछ दिनों पहले हुई लगातार बारिश से सड़कों की हालत खराब हो गई हैं। जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं हैं। मुख्य सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और राहगीर परेशान हैं।

गड्ढों में पानी भर जाने से और भीं ख़तरनाक हों जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया हैं। दुपहिया वाहनों के टायर गड्ढों में फसने से वाहनों के टायर रिम मुड़ने का खतरा बना रहता हैं, जो किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता हैं। वैसे तो जिले में सड़को का जाल बिछाने का दावा किया जा रहा हैं।



गांव-गांव से बचेली तक आवागमन के लिए सड़के बनाई जा रही हैं। परन्तु मुख्य सड़क का हाल बेहाल हैं। देखरेख के अभाव के चलते सड़के जर्जर हों रही हैं। ये सड़के जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर, आये दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। सड़कों में विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि और बड़े सरकारी अधिकारी भी यात्रा करते है पर पद में आने के बाद वे भी अपना वादा भूल जाते हैं।

आलम यह हैं की सड़क में बने गड्ढों से बचकर चलना मजबूरी बनी हैं,इसमें पानी भरने से यह हादसों को न्योता दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में पीडब्ल्यूडी अधिकारी यात्री रॉय ने बताया की गौरवपथ बचेली के काम उनके द्वारा नहीं देखा जा रहा हैं, इस सम्बन्ध में अधिकारी प्रीत राम मण्डावी से संपर्क करें। प्रीत राम मंडावी से सम्पर्क नहीं हो पाया।

# विधायक ने छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोंहगा

■ शिष्यवृत्ति की जानकारी से अनभिज्ञ छात्राएं, अधीक्षक निशाने पर



बस्तर क्षेत्र में शिक्षा और छात्रों के हित में लगातार सक्रिय रहने वाले विधायक लखेश्वर बघेल ने मंगलवार को प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास लामकेर का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास की बदहाल स्थिति देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की और वहां मौजूद अधीक्षक को फटकार लगाते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण में सबसे पहले विधायक का ध्यान छात्रावास के स्वच्छता व्यवस्था पर गया। वहां की शौचालयों के दरवाजे टूटे-फूटे पाए गए, जिससे छात्र निजता और स्वच्छता के अधिकार से वंचित हैं। स्नानघर की हालत भी कुछ बेहतर नहीं थी, चारों ओर गंदगी फैली हुई थी और साफ-सफाई के कोई स्पष्ट इंतजाम नहीं दिखे। विधायक ने साफ कहा कि बच्चों को पढ़ने और रहने के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल देना राज्य की जिम्मेदारी है और यहां यह पूरी तरह नदारद है। कई छात्राएं शिष्यवृत्ति योजना के बारे में अनभिज्ञ थीं। जब विधायक ने अधीक्षक से इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से किसी सांवलिया नाम के व्यक्ति का नाम लिया, जिससे मामले में और भ्रम उत्पन्न हुआ। विधायक ने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि छात्राओं को ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी न देना प्रशासनिक लापरवाही का संकेत है। छात्रावास में विद्युत व्यवस्था की हालत बेहद खराब पाई गई। बच्चों के पढ़ने-लिखने और सोने के कमरों में पर्याप्त रोशनी नहीं थी कई स्थानों पर ट्यूबलाइट लटकी हुई, स्विच बोर्ड टूटे और बल्बों की संख्या गिनी-चुनी थी। बच्चों ने बताया कि उन्हें अंधेरे में पढ़ने की मजबूरी झेलनी पड़ती है। इस पर विधायक ने अधीक्षक मंतुराम कश्यप को फटकार लगाते हुए तत्काल मरम्मत और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। छात्रावास अधीक्षक मंतुराम कश्यप ने निरीक्षण के दौरान अपनी समस्याएं भी विधायक के सामने रखीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 और 2023 में मेंटेनेंस के लिए कोई राशि प्राप्त नहीं हुई, जिससे भवन की मरम्मत, शौचालय की साफ-सफाई, विद्युत उपकरणों की मरम्मत जैसे काम रुक गए हैं। उन्होंने कहा कि कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिला पर कोई सहायता नहीं।

अधीक्षक ने यह भी बताया कि छात्रावास को नाममात्र की बिजली सामग्री दी जाती है जब वे अधिक बल्ब या ट्यूबलाइट की मांग करते हैं, तो संबंधित अधिकारी देने से साफ इन्कार कर देते हैं, इससे व्यवस्था और भी जर्जर हो गई है।

### समस्याएं शासन स्तर तक पहुंचाने का वादा

विधायक लखेश्वर बघेल ने अधीक्षक की शिकायतें गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे इन समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाएंगे और आवश्यक आर्थिक सहायता तथा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी भी छात्रावास में बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं से समझौता नहीं किया जाएगा।

### एक पेड़ मां के नाम लगाए पौधें



**दंतेवाड़ा।** जिला खनिज विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेशानुसार एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत सभी माइनिंग पट्टेदार को पौधा लगाने का लक्ष्य दिया गया था। इसी के परिप्रेक्ष्य में मेसर्स विराट मिनरल धुरली द्वारा गाय गोठान धुरली में 300 पौधे जिसने आम,सलपीं, काजू, तेज पत्ता और कई प्रकार के पौधे लगाये गये। इसी तरह सीएमडीसी एंड प्रेशियस मिनरल एंड स्मेल्टिंग जॉइंट वेंचर द्वारा अपने माइंस एरिया में लगभग 1100 पौधे लगाये गये। इसके अलावा मेसर्स टी रमेश जवांगा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज जवांगा में 250 पौधे लगाये गये है।

न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)

// उद्घोषणा//

राजस्व प्रकरण क्र./ब-121/202507152300034/2024-25
ग्राम गड़दा प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा ग्राम गड़दा के जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री कुमा पोड़यामी पिता माटाराम पोड़यामी जाति माड़िया निवासी ग्राम गड़दा के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन मय अन्य दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने मृतक दादा स्व. बुटू पोड़यामी पिता माहंगू का मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहता है। बुटू पोड़यामी पिता माहंगू का मृत्यु दिनांक 01/05/1995 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 13/08/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

# "मोर तिरंगा मोर अभिमान" अभियान तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद

## अनेक वार्डों में पहुंचकर निवास में तिरंगा लगाने का किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान के तहत आज शहर के विभिन्न वार्डों में देशभक्ति और उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफिरा साहू, पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्तागण, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत में तिरंगा यात्रा के महत्व और अभियान के उद्देश्य पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना और आजादी के संघर्ष की याद दिलाना है। उन्होंने बताया कि वर्षों की गुलामी की जंजीरों को तोड़कर, अनगिनत बलिदानों और संघर्षों के बाद भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। यह ध्वज हमारे त्याग, वीरता और एकता का प्रतीक है।

महापौर ने कहा कि हर घर, हर प्रतिष्ठान और शासकीय कार्यालय में तिरंगा फहराना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां स्वतंत्रता के महत्व को समझ सकें।

जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने तिरंगे के तीनों रंगों के महत्व और अशोक चक्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तृत जानकारी दी। पश्चिम मंडल (तिरंगा यात्रा) के प्रभारी श्रीनिवास मिश्रा ने कहा मोर तिरंगा मोर अभिमान केवल एक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रेम और सम्मान की अभिव्यक्ति है। इसका उद्देश्य है कि तिरंगा सिर्फ सरकारी भवनों पर नहीं बल्कि हर नागरिक के हृदय मे लहराए।

### सड़कों पर राष्ट्रभक्ति के गूंजे नारे

लोग हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, पार्षद खगेंद्र ठाकुर, हरीश पारेख, गिरिजा गुप्ता, श्वेता बघेल, आशा साहू, सुधा मिश्रा, रंजीत पांडे, मनोहर दत्त तिवारी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, शशि नाथ पाठक, अतुल सिम्हा, दिलीप सुंदरानी, बृजेश शर्मा, दशरथ गुप्ता, आशुतोष पॉल, अभय दीक्षित, रोशन झा, विवेक जैन, सूर्य भूषण सिंह, रेखा सिंह, शोभा रानी, गीता नाग, विद्या सिंह, किरण दीवान सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गणेश सेठिया बने नानगुर मंडल अध्यक्ष



जगदलपुर। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नानगुर फूलसिंह बघेल बैठक की गई । सर्वसम्मति से नानगुर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी गणेश सेठिया को सौंपी गई वही कवाली से सेक्टर अध्यक्ष शरद नागेश एवं नेतानार सेक्टर अध्यक्ष रायधर नाग को नियुक्त किया गया ।
इस दौरान नीलूराम बघेल, हरिहर सेठिया, विजय ध्रुव, राजेश कश्यप, विनोद सेठिया, आशाराम नाग, बालसिंह नाग, महादेव नाग, सोहन सोनी, धंनसाय कश्यप, धंनसिंह बघेल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर होगा मटका फोड़



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम मोरठपाल में कृष्ण जन्माष्टमी के पर मटका फोड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी एवं रूपरेखा को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में हनुमान मंदिर,मोरठपाल परिसर में बैठक संपन्न हुई।
बैठक में कैलाश ठाकुर, धनपति बाज, अंतोराम पुजारी, सीबो कश्यप, सुभाष देवांगन , शेखर देवांगन,आसमान भारती, विकास मुरला, पदमनाथ कश्यप सहित प्रखंड एवं खंड के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ली स्वच्छता शपथ निकाली तिरंगा रैली



**जगदलपुर।** जिले के जनपद लोहंडीगुड़ा में बुधवार को किशोरी बालिकाओं के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए, साथ ही उन्होंने स्वच्छता शपथ ली। कार्यक्रम में एक भव्य तिरंगा रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें हर घर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लाभों पर चर्चा की। साथ ही स्थानीय समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए तिरंगा रैली के माध्यम से प्रतिभागियों ने पूरे लोहंडीगुड़ा जनपद में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश भी दिया।

### केंद्रीय मंत्री टोकन साहू होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि

# देर रात तक चले सेमीफाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे फाइनल मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

24वीं राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के तहत चौथे दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सत्र में खेले गए सभी पांच वर्गों के 20 क्वार्टर फाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे। क्वार्टर फ़ाइनल मैच में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखी गई।

- क्वार्टर फाइनल मैचों में खिलाड़ियों के बीच रही कांटे की टक्कर



पहले खेले गए मेंस सिंगल्स के चार क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः हर्षल भोयर ने वैभव सिंह को, मानस भट्टाचार्य ने आदित्य रंजन गुप्ता को, हर्षित ठाकुर ने एमवी अभिषेक को और अस्मित श्रीवास्तव ने जयदित्य प्रताप सिंह को पराजित करते हुए सेमीफाइनल के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। वूमेन्स सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रेवराजे वर्मा ने राशि मल्ल को, रेनूश्री यवराना ने भव्या सिंह को, हिरल चौहान ने गौरी एस अय्यर को और इशिका पोद्दार ने दिया आहूजा को परास्त कर सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश पाया। मेन्स डबल्स के मुकाबले में आयुष मखीजा और सौरव साहू की जोड़ी ने कनिष्क गांधी और ओम बसाक को, प्रवेश कुमार ध्रुव और विक्रांत शर्मा की जोड़ी ने द्रवित कन्सल और सार्थक कान्त थॉमस की जोड़ी को, धीरज खत्री और जयेश होशंगाबादे की जोड़ी ने आर्यन सिंह और सलमान रजा की जोड़ी को तथा एमवी अभिषेक और सुजेय तंबोली की जोड़ी ने ध्वनित वर्मा और गोविंद महेश्वरी की जोड़ी को परास्त कर सेमी फाइनल पहुंचने का रास्ता साफ किया।

वूमेन्स डबल्स के मुकाबले में इशिका पोद्दार और रेवराजे वर्मा की जोड़ी ने आरती साहित्या और हर्षिता टावरी की जोड़ी को तथा दिया आहूजा और श्रिया कोमिया ने पुष्पलता और रौशनी कुडियम की जोड़ी को पराजित किया। जबकि राशी मल्ल और श्वेता परदेसी की जोड़ी को मान्या गुप्ता और त्रिश्या मुक्ता के विरूद्ध तथा भव्या सिंह और गौरी एस अय्यर की जोड़ी को कोथली रम्या श्रीदेवी और पुसपति भव्या श्री की जोड़ी के विरूद्ध वॉक ओवर मिल गया। मिश्रित युगल के मुकाबले में श्वेता परदेसी और धीरज खत्री की जोड़ी ने भव्या सिंह और विक्रांत शर्मा की जोड़ी को, हिरल चौहान और सौरव साहू की जोड़ी ने राशी मल्ल और जयदित्य प्रताप सिंह की जोड़ी को, आयुष मखीजा और रेनूश्री रवाना की जोड़ी ने मनीष कुमार गुप्ता और आरती साहित्या की जोड़ी को, सुजेय तंबोली और इशिका पोद्दार की जोड़ी ने तुषार केसरवानी और रौनक सोनी की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बुधवार को ही रात्रि कालीन सत्र में सभी वर्गों के सेमीफाइनल मैच खेले जाने हैं। मिक्स डबल्स के पहले सेमीफाइनल मैच मैं धीरज खत्री और श्वेता परदेसी की जोड़ी का मुकाबला सुजय तंबोली और इशिका पोद्दार के बीच होगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला सौरव साहू और हिरल चौहान की जोड़ी तथा आयुष माखिजा और रेनूश्री यवराना खिचड़ी के बीच खेला जाएगा। पुरुष एकल का पहला सेमीफाइनल मैच हर्षल भोयर और मानस भट्टाचार्य के बीच होगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हर्षित ठाकुर और अश्मित श्रीवास्तव के मध्य खेला जाएगा। महिला एकल का पहला सेमीफाइनल रेवराजे वर्मा और रेनूश्री यवराणा के बीच होगा। दूसरा सेमीफाइनल हिरल चौहान और इशिका पोद्दार के मध्य खेला जाएगा। महिला युगल वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच राशी मल्ल और श्वेता परदेसी की जोड़ी का मुकाबला दिया आहूजा और श्रिया कोमिया की जोड़ी से होगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले इशिका पोद्दार और रेवराजे वर्मा की जोड़ी का सामना भाव सिंह और गौरी एस अय्यर की जोड़ी से होगा। पुरुष युगल वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच में आयुष मखीजा और सौरव साहू की जोड़ी का सामना प्रवेश कुमार ध्रुव और विक्रांत शर्मा की जोड़ी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में धीरज खत्री और जयेश होशंगाबादे की जोड़ी का मुकाबला एमवी अभिषेक और सुजेय तंबोली की जोड़ी से होगा। सेमी फाइनल मैचों के विजेता खिलाड़ी आज होने वाले फाइनल मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

### समापन आज

दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर आज पहुंच रहे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू के हाथों प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार की राशि ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उससे पूर्व आज सभी पांच वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा एवं सचिव राजेश त्रिपाठी ने शहर के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में मैदान में उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

## नगरनार और धनपुंजी में बच्चों के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा





**नगरनार।** नगरनार मंडल के अंतर्गत नगरनार एवं धनपूंजी शक्ति केंद्र में तिरंगा यात्रा आज निकाली गई। भाजपा के पदाधिकारी ,कार्यकतार्ओं के साथ प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए।

- एक पेड़ मां के नाम में किया गया पौधरोपण

तिरंगा यात्रा मुख्य सड़क से होती हुई बाजार चौक, पंचायत भवन और सामुदायिक भवन की परिक्रमा कर शाला भवन में संपन्न हुआ। धनपूंजी में भी हाई स्कूल से पुरे ग्राम परिक्रमा किया गया। एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया गया घरों ,दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में तिरंगा झंडा लगाया गया।

इस कार्यक्रम में नगरनार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सेठिया , उपाध्यक्ष सिमाचल दास सरपंच उमाकांत बघेल ,पूर्व सरपंच रेनू बघेल, जनपद सदस्य देवकी शंभू कश्यप ,महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मिश्रा, शक्ति केंद्र प्रभारी घनश्याम सेठिया, मंडल मंत्री सुरेश ठाकुर,रामचंद्र बघेल ,बलिराम सेठिया ,तुलाराम सेठिया , मन्नु राम बघेल ,अनंत राम बघेल ,दिगंबर नाग ,शंभू कश्यप ,रामदास नाग, शंकर सेठिया, मानसिंह नाग, बलराम बघेल एवं धनपुंजी शक्ति केंद्र से पिंटू ठाकुर नारायण ठाकुर सम्मिलित हुए।

## तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर बच्चों ने दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ बास्तानार



आजादी पर्व से पहले जन-जागरूकता के लिए ग्राम पंचायत तिरथुम से बास्तानार तक तिरंगा यात्रा निकाली। मार्ग के बीच में पड़ने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के बच्चों ने सलामी कार्यक्रम करते हुए जनप्रतिनिधियों पर पुष्प वर्षा की तथा विद्यालय के बाहर जलपान की व्यवस्था करके आमजन का सहयोग किया। विद्यालय प्राचार्य सहित स्टाफ ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर राष्ट्र के इस पर्व को शानदार बनाने में सहभागी बने। बुधवार को हुए कार्यक्रम में विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे ।

## मैत्री संघ विद्या निकेतन स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मैत्री संघ द्वारा संचालित विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में 13 अगस्त को संस्था के प्रांगण से तिरंगा रैली निकाली गई। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने तिरंगा झंडा लहराकर छात्र छात्राओं की रैली को रवाना किया।छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय घोष करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड का भ्रमण कर वापस मैत्री संघ भवन प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान संस्था महासचिव सुनील साहा, सहसचिव देवव्रत बराल, कोषाध्यक्ष देवाशीष चौधरी, प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं सहित निर्मल पानीग्राही, अविनाश श्रीवास्तव, उर्मिला यादव सहित वार्डवासी सम्मलित हुए।



## मोतीलाल नेहरू वार्ड में उमंग उल्लास संग निकली तिरंगा यात्रा



**जगदलपुर।** मोतीलाल नेहरू वार्ड में तिरंगा यात्रा पूरे उमंग उल्लास से निकाली गयी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता, नागरिक, शालेय विद्यार्थी शामिल थे। विधायक कार्यालय से देशभक्ति गीत व नारों के साथ तिरंगा यात्रा आरंभ हुई। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि तिरंगा भारतवासियों के शौर्य और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा राष्ट्र भक्ति का उत्सव है। तिरंगा यात्रा में विद्या शरण तिवारी, रूप सिंह मण्डावी,आर्येन्द्र सिंह आर्य, पार्षद आलोक अवस्थी, पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा,शशि नाथ पाठक, नरेंद्र पाणिग्रही, विक्रम सिंह यादव, अजय शंकर त्रिवेदी, पुखराज खत्री,सुधा मिश्रा,बिजली बैध शामिल रहे।



## लोहण्डीगुड़ा मंडल में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहण्डीगुड़ा मंडल अंतर्गत 12 अगस्त को भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने जोश एवं उत्साह के साथ तिरंगा रैली निकाली और एकता अखंडता के साथ देश के प्रति सम्मान का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उत्साह पूर्वक तिरंगा यात्रा निकली। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पांडे, मंडल प्रभारी नरसिंह राव, मंगतू कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप,महामंत्री सावेंद्र सेठिया,चंद्रशेखर ठाकुर, नरेश खापर्डे,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, शिवनंदन पेगड़,धनसिह ठाकुर,डमरू भारद्वाज, ओमप्रकाश ठाकुर, विनय मौर्य,ऊके राम,अजय बघेल,मुन्ना कश्यप,जगदीश कश्यप,समल,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## जिला पंचायत सदस्य व सरपंच ने नवीन प्राथमिक शाला भवन का उद्घाटन किया

# कुंडगुड़ावासियो की मांग हुई पूरी, जर्जर भवन से विद्यार्थियों को मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बस्तर

बस्तर ब्लाक ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 में जिला पंचायत सदस्य शंकुतला कश्यप और सरपंच ईस्पर मंडावी ने ग्राम पुजारी कामेश्वर मांझी और गंगाधर ठाकुर के आतिथ्य में नवीन प्राथमिक शाला भवन का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि शासकीय प्राथमिक शाला के लिए नवीन भवन के निर्माण की मांग कुंडगुड़ावासी लंबे समय से कर रहे थे। इस मांग को ग्राम पंचायत ने तय समय सीमा में पूरा किया। क्योंकि प्राथमिक शाला कुण्डगुड़ा का भवन जर्जर होने के कारण प्राथमिक शाला का संचालन पंचायत भवन में किया जा रहा था, जिससे अध्यनरत विद्यार्थियों के पठन-पाठन में



समस्या आ रही थी। इस नवीन भवन के बन जाने पर विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक व ग्रामवासियों ने खुशी जताई है। इस दौरानजनपद सदस्य समली कश्यप,ग्राम पुजारी कामेश्वर मांझी गंगाधर ठाकुर सुखदेव कश्यप उपसरपंच सामबती ठाकुर मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी सीएसी कृष्णा सिंह ठाकुर नड़गु नाग मनोज कुमार ठाकुर प्रधानध्यापक सहादेव ठाकुर सहायक शिक्षक प्रकाश महापात्र लिखेश कश्यप पंडरू कश्यप उर्धश्वर ठाकुर लखमु नाग सम्पत मंडावी सुरेश पोयाम सुखराम मौर्य हरगोविंद ठाकुर ग्रामवासी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सरपंच ईश्वर मंडावी ने कहा कि पुराने भवन जर्जर होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।अब नये भवन में बच्चों एवं शिक्षकों को सुविधा होगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह नया भवन ग्राम पंचायत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और बच्चों के भविष्य को उज्वल बनाएगा। शंकुतला कश्यप ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह नवीन शाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी और बच्चों के भविष्य को उज्वल बनाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए शाला भवन का होना आवश्यक है, और यह नया भवन निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य को उज्वल बनाएगा।

